Vol.7 April 2014 No.10
Annual Subscription : Rs 100
Rs. 10/- per copy

ब्रह्मार्पण

BRAHMARPAN

वेदोऽखिलो धर्ममूलम्

A Monthly publication of Brahmasha India Vedic Research Foundation

Brahmasha India Vedic Research Foundation
ब्रह्माशा इंडिया वैदिक रिसर्च फाउन्डेशन

महान कर्मयोगी महात्मा हंसराज

–डॉ. सत्यपाल 'बेदार'

वि व में विश्रुत हुआ है नाम जिसका 'हंसराज',
जिसकी सेवा को भुला सकता नहीं मानव–समाज,
सर्वमंगल से सुप्रेरित जिसके थे सब काम–काज,
ला इलाज–इन्सानियत का था किया जिसने इलाज,
वह तपस्वी धन्य है, मतिमय मनस्वी धन्य है।।

जिसने जीवन–दान का व्रत था जवानी में लिया,
यज्ञमय निष्ठा के प्रति सर्वस्व अर्पण कर दिया,
गर्व का है वह विषय हर काम जो उसने किया,
वेद–अमत ही पिलाया, वेद–अमत ही पिया,
वह तपस्वी धन्य है, मतिमय मनस्वी धन्य है।।

जिस तपोनिधि ने किया संसार में विद्या का दान,
जिसने भूचालों, अकालों में भी की सेवा महान,
आर्य–प्रादे ाक सभा का बन गया था मूल प्राण,
जिसने सींचा खून से नित डी.ए.वी. का संस्थान,
वह तपस्वी धन्य है, मतिमय मनस्वी धन्य है।।

कर्मयोगी जो सदा गंभीर चिंतन–रत रहा,
जिसके मन–मस्तिष्क का आधार नित उन्नत रहा,
लोभ–लिप्सा से परे, सब भाँति जो संयत रहा,
ज्ञान के संचार औ विस्तार में उद्यत रहा,
वह तपस्वी धन्य है, मतिमय मनस्वी धन्य है।।

जो परम पुरुषार्थ एवं प्रार्थना–संदे ा था,
कृत्य ही जिसका अन वर कीर्तिमय परिवे ा था,
दे ा उसका धर्म था औ धर्म उसका दे ा था,
मन वचन औ कर्म से व्यक्तित्व वह दरवे ा था,
वह तपस्वी धन्य है, मतिमय मनस्वी धन्य है।।

हों "मुपाला–काण्ड" अथवा अग्नि काण्डों के विना ा,
ना ा–लीला बाढ़ की, या भुखमरी के नाग–पा ा,
की मदद सबकी, जहाँ पाए गए प्राणी हता ा,
वो लुटाता ही रहा सद्भावनाओं का प्रका ा,
वह तपस्वी धन्य है, मतिमय मनस्वी धन्य है।।

BRAHMASHA INDIA VEDIC RESEARCH FOUNDATION ACKNOWLEDGES WITH THANKS RECEIPT OF DONATION OF *Rs.500/-(Rupees Five hundred only) FROM Prof. J.L.SARDANA, DWARKA, NEW DELHI-110075. Donations to the Foundation are eligible for Tax Exemption under Section 80G of the Income Tax Act 1961 Vide No.DIT(E)1/3313DELBE21670-2503210 dated 25.03.2010.*

It is also to request all our readers to send us their renewal subscription and also post us with their views and opinion about the articles published in our journal "BRAHMARPAN".

Brahmarpan April 2014 Vol. 7 No.10
चैत्र–वै ााख 2070 वि.संवत्

ब्रह्मार्पण
BRAHMARPAN

A bilingual Publication of Brahmasha India Vedic Research Foundation

BRAHMASHA INDIA VEDIC RESEARCH FOUNDATION

C2A/58, Janakpuri,
New Delhi-110058
Tel :- 25525128, 9313749812
*email:*deeukhal@yahoo.co.uk
brahmasha@gmail.com

Sh. B.D. Ukhul
Secretary
Dr. B.B. Vidyalankar
President
Col.(Dr.) Dalmir Singh (Retd.)
V.President
Dr. Mahendra Gupta
V.President
Ms. Deepti Malhotra
Treasurer
Editorial Board
Dr. Bharat Bhushan Vidyalankar, Editor
Dr. Harish Chandra
Dr. Mahendra Gupta
Acharya Gyaneshwararya

लेख में प्रकट किए विचारों के लिए सम्पादक उत्तरदायी नहीं है किसी भी विवाद की परिस्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।

Printed & Published by
B.D. Ukhul for Brahmasha India Vedic Research Foundation
Under D.C.P.
License No. F2 (B-39) Press/ 2007
R.N.I. Reg. No. DELBIL/ 2007/22062
Price : Rs. 10.00 per copy
Annual Subscription : Rs. 100.00

CONTENTS

1. महान कर्मयोगी महात्मा हंसराज 2
–डॉ. सत्यपाल 'बेदार'
2. संपादकीय 4
3. सांख्य द र्न 7
–डॉ. भारत भूषण विद्यालंकार
4. रामराज्य की आव यकता (रामनवमी पर्व पर वि ोष) 8
–नरेन्द्र सहगल
5. डॉ. अम्बेडकर की दष्टि में इस्लाम
–प्रो. बलराज मधोक 15
6. मुनिवर गुरुदत्त 20
–डॉ. सारस्वत मोहन 'मनीषी'
7. स्वस्थ रहें या रोगी : फैसला आपका 21
–डॉ. चंचलमल चोरडिया
8. राज्यपाल को क्या करना चाहिए? 25
–
9. गोधन ही स्वास्थ्य और समद्धि का आधार 28
–भानुप्रताप ुक्ल
10. वह अनोखा कॉलेज 30
–रेनू सैनी
11. देहलवी जी के ाास्त्रार्थ 31
–श्री लाजपतराय आहूजा
12. Be Vegetarian 32
-J.P. Vaswani
13. Global Celebration of Yoga : A Report 34

संपादकीय

बाँटो और राज करो

दे ा पर ाासन करते समय ब्रिटि ा सरकार की यह नीति थी कि दे ा को विभिन्न धर्मों, जातियों और वर्गों में विभाजित करो और उनमें परस्पर विद्वेष पैदा कर आराम से ाासन करो। यही नीति काँग्रेस को विरासत में मिली। ये भी हिन्दुओं को मुसलमानों से, अनुसूचित जातियों को सवर्णों से, जाटों को गूजरों से, अंग्रेजी के समर्थकों को अन्य भाषाओं के समर्थकों से, हिन्दी भाषा को दक्षिणी भाषाओं से लड़ा कर ाासन कर रहे थे।

इस समय चुनाव से पूर्व काँग्रेस की स्थिति उस डूबते हुए जहाज की सी है जिसमें सवार यात्री और पोतकर्मी उसे छोड़कर भागने लगे हैं। इसीलिए कुछ काँग्रेसी नेता चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं। यह लगभग नि चित-सा है कि ाीघ्र ही काँग्रेस सत्ता से बेदखल हो जाएगी। इसे देखकर वे अपने वोट बैंक को सँभालने में लगी है। इसीलिए उन्होंने जैनधर्म को हिन्दू धर्म से पथक् मान्यता प्रदान करने में जल्दबाजी की। इससे पूर्व बौद्ध धर्म को हिन्दू ध र्म से पथक् कर ही दिया गया था।

हाल ही में पिछड़े वर्गों के राष्ट्रीय आयोग (एन.सी.बी.सी.) द्वारा अस्वीकृत जाटों की इस माँग को कि उन्हें पिछड़े वर्गों की केन्द्रीय सूची में ाामिल कर लिया जाए, सरकार ने स्वीकार कर लिया। इस प्रस्ताव की स्वीकृति देने से चार दिन पूर्व ही पिछड़े वर्गों के राष्ट्रीय आयोग ने कहा था कि जाट लोग सामाजिक व ौक्षिक दष्टि से पिछड़े वर्ग में नहीं आते। सरकार ने यह निर्णय आगामी लोकसभा चुनावों को

ध्यान रखते हुए किया है, वि ोष रूप से जिन नौ राज्यों का इससे संबंध है वहाँ जाटों के लगभग आठ करोड़ मतदाता हैं और इस क्षेत्र से वे लोकसभा के लिए 226 सदस्यों को चुनकर भेजते हैं। ऐसा पहली बार हुआ है जब सरकार ने पिछड़े वर्गों के आयोग की रिपोर्ट को अस्वीकार करके जाटों को पिछड़े वर्ग का दर्जा दे दिया है। आयोग का कहना है कि जाटों को पिछड़े वर्गों की सूची में ाामिल करने से वर्तमान अन्य पिछड़े वर्गों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। आयोग का यह भी विचार है इस आरक्षण के बिना भी केन्द्रीय सरकार की सेवाओं और ि ाक्षा संस्थाओं में जाटों की पर्याप्त संख्या है और उनकी साक्षरता की दर भी बहुत अधिक है। आयोग ने इसके साथ ही जाटों के मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों, राजनयिकों और उद्योगपतियों तथा बड़े व्यापारियों की सूची देकर इसे अनुचित बताया है।

भारतीय सामाजिक विज्ञान एवं अनुसंधान परिषद् को आयोग ने इस विषय में सर्वेक्षण का दायित्व सौंपा था। उसने बताया कि हरियाणा, उत्तरप्रदे ा और राजस्थान में भारतीय प्र ाासन सेवा (आई.ए.एस), भारतीय पुलिस सेवा (आई.पी. एस.) भारतीय वन सेवा (आई. एफ. एस.) में जाटों की की पर्याप्त संख्या है। यह रिपोर्ट सरकार को मंत्रिमंडल की बैठक से पूर्व ही सौंप दी नई थी। इसमें कहा गया था कि जाट समुदाय पिछड़े वर्ग की श्रेणी में आने की ार्तों को पूरा नहीं करता है क्योंकि उसमें सामाजिक और ौक्षिक दष्टि से पिछड़ापन नहीं है। परन्तु सरकार ने अपने वोट बैंक को पुष्ट करने के लिए आयोग की सिफारि ाों को दरकिनार करते हुए जाट समुदाय को प्रसन्न करने के लिए पिछड़े वर्गों में ाामिल कर लिया।

इसी तरह संविधान में स्पष्ट उल्लेख है कि धर्म के

आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता परन्तु सरकार सत्ता में बने रहने के लिए मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास करती रही है। आंध्रप्रदे ा में प्रदे ा सरकार ने मुसलमानों को पिछड़े वर्ग से पाँच प्रति ात आरक्षण दे दिया जिसे आंध्रप्रदे ा न्यायालय ने और बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने भी निरस्त कर दिया। इसी प्रकार जैसे-तैसे सत्ता में बने रहने के लिए सब हथकण्डे अपनाए जा रहे हैं। यदि काँग्रेस या कोई भी सरकार मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति पर चलती रही तो नि चय ही भारत को एक और विभाजन का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि भारत के सन् 47 के विभाजन के लिए भी नेहरु-गाँधी की तुष्टीकरण नीति ही जिम्मेदार थी। इस विषय में भविष्य में बहुत सावधानी से दे ा के हित को ध्यान में रखकर कदम उठाने की आव यकता है।

आगामी लोकसभा के चुनावों के मद्देनज़र सरकार ने लोकलुभावन बजट पे ा किया जिसमें मनरेगा के अन्तर्गत काम करने वालों के लिए पहले 100 दिन कार्य देने की व्यवस्था को अब 150 दिन कर दिया गया।

सरकारी कर्मचारियों का मँहगाई भत्ता 90% से बढ़ा कर 100% कर दिया गया तथा साथ ही सातवें वेतन आयोग की समुचित व्यवस्था करने के लिए वेतन आयुक्त की नियुक्ति भी कर दी गई है।

इसके अतिरिक्त दिल्ली विधान सभा जिसमें काँग्रेस के विधायकों की संख्या कुल आठ थी उसे भंग कर दिया गया है। इसी तरह के अनेक प्रावधान वोट बैंक को ध्यान में रखकर केन्द्र सरकार ने किए हैं जिनसे सरकार की नीयत का पता चलता है।

संपादक

सांख्य द र्शन (अध्याय-1, सूत्र-76)

-डॉ. भारत भूषण विद्यालंकार

अनेक आ ांका करने वाले व्यक्ति मूल उपादान के बारे में कई तरह की ांका या कल्पना कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में त्रिगुणात्मक (सत्व, रज, तम रूपी) प्रकृति के अस्तित्व के सिद्धान्त का ही अस्तित्व नहीं रहेगा। इसी आ ांका की सूत्रकार अगले सूत्र में चर्चा करते हैं।

सूत्र है-

वादिविप्रतिपत्तेस्तदसिद्धिरिति चेत्।।76।।

अर्थ- (वादिविप्रतिपत्तेः) वादियों के विरुद्ध कथन से (तद् असिद्धिः) (मूल उपादान) प्रकृति की असिद्धि होती है (इति चेत्) यदि ऐसा कहो तो।

भावार्थ - मूल उपादान प्रकृति के बारे में वादी कई तरह के तर्क प्रस्तुत कर सकते हैं, जैसे-

1. कोई कहे चेतन ई वर से जगत् की उत्पत्ति होती है,
2. कोई पुरुष को जगत् का उपादान कहे,
3. इसी प्रकार कोई स्वभाव को जगत् का उपादान बताए,
4. कुछ अन्य कारणों से जगत् की उत्पत्ति मानें,
5. कोई सूक्ष्म भूतों को सारे जगत् का उपादान कहे।

इन सभी वादों के होते हुए केवल प्रकृति को कैसे जगत् का उपादान माना जा सकता है?

इस प्रकार वादियों के द्वारा मूल उपादान के बारे में कई प्रकार के कल्पित वाद उपस्थित कर देने से प्रकृति की भ्रांति रहित सिद्धि नहीं हो सकती।

ऐसी स्थिति में सूत्रकार इसका समाधान अगले सूत्र में करेंगे।

सी-2ए, 16/90 जनकपुरी,
नई दिल्ली-10058

रामराज्य की आव यकता
(रामनवमी पर वि ोष)

–नरेन्द्र सहगल

रामराज्य की मर्यादाओं में सत्ता व्यक्तिगत–पारिवारिक भोग का साधन न होकर जनता की सेवा और संरक्षण के लिए जनता की ओर से सरकार को सौंपी गई थाती है। इसलिए उसका उपयोग समाज हित के लिए होना चाहिए न कि घपलों–घोटालों के माध्यम से अपनी तिजोरियाँ भरने के लिए।

युगानुकूल राज्यव्यस्था

आज के सन्दर्भ में देखा जाए तो अपने दे ा की सरकार और प्रजा दोनों के लिए रामराज्य की अवधारणा प्रका ा स्तम्भ का काम कर सकती है। भ्रष्ट और सत्ता केन्द्रित ाासकों का अन्त, आतंकियों/नक्सलियों जैसे राक्षसों का संहार और संपूर्ण समाज को निरंकु ा ाासन के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देने की समयोचित क्षमता रामराज्य के सूत्रों में विद्यमान है। श्रीराम का अवतरण उस युग में हुआ था जब मानवजाति हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई इत्यादि वर्गों में विभाजित नहीं थी। अतः रामराज्य की अत्यन्त व्यावहारिक व्यवस्था किसी भी पन्थ, भाषा, क्षेत्र या वर्ग की प्रतिनिधि न होकर सम्पूर्ण जनता के आद र्ा का प्रतिनिधित्व करती है। वर्तमान भारत में जनहित में स्थापित राज्य को ही रामराज्य कहा जा सकता है।

वोट बैंक की संकीर्ण राजनीति, चारों ओर भ्रष्टाचार का बोलबाला, घपलों/घोटालों में व्यस्त मन्त्री, विदे ा प्रेरित आतंकवाद, मज़हबी तुष्टीकरण, जाति आधारित राजनीति, सामाजिक वैमनस्य और सत्ता लोलुपता की परकाष्ठा में निरंकु ाता के विरुद्ध संघर्ष का सन्दे ा ही रामराज्य है। एक दिन असत्य पर सत्य की विजय नि ाचत है, अधर्म के घोर अन्धकार को चीरकर प्रका ा का आविर्भाव होगा ही। सारे सामाजिक जीवन को नष्ट करने वाली भ्रष्ट व्यवस्थाओं का भी अन्त होगा, यही सन्दे ा है रामराज्य का।

ध्येय पथ पर अडिग श्रीराम

श्रीराम के जीवन और उनके द्वारा स्थापित रामराज्य से दिग्भ्रमित राजनीति को रचनात्मक दि ा मिल सकती है। राष्ट्रीय कर्त्तव्य की बलिवेदी पर राजसत्ता के सुखों को ठोकर मार देने का आद र्ा वर्तमान सत्ता केन्द्रित राजनीति को समाप्त कर सकता है। आम समाज के विचार मंथन को ि ारोधार्य करते हुए जनता जनार्दन को सम्मानित करने के मार्ग में उनके प्राणों से भी प्यारे भ्राता लक्ष्मण का त्याग भी कम नहीं रहा। श्रीराम को अपने राष्ट्रीय कर्त्तव्य से पत्नी, भाई, पुत्र किसी का भी मोह विमुख नहीं कर सका। इस तरह श्रीराम अपने ध्येय पथ से कभी विचलित नहीं हुए।

धर्म की स्थापना, दुष्टों का संहार और सन्त-महात्माओं की रक्षा को अपनी जीवन यात्रा का ध्येय मानकर श्रीराम ने कि ाोरावस्था में जो कठोर संकल्प किया था, वह वर्तमान भारतीय समाज के उन युवकों के लिए प्रेरणा-स्रोत हो सकता है जो प्रत्येक प्रकार के व्यसनों, प्रलोभनों और मगमरीचिकाओं में फँसकर भारत की महान संस्कृति से दूर हटते जा रहे हैं। आज की भौतिकवादी चकाचौंध में अपनी उज्ज्वल परम्पराओं से कटते जा रहे भारतीय युवकों को यदि रामराज्य की मानवी संस्कृति की ि ाक्षा दी जाए तो नि ाचत रूप से भारत के भविष्य को महान बनाया जा सकता है।

निरहंकारी राजा, निष्काम कर्मयोगी

चौदह वर्ष तक निरन्तर संघर्षरत रहने वाले संन्यासी राम को जब राजा के रूप में राजसत्ता प्राप्त हुई तो उन्होंने अपनी प्रजा और दे ा-विदे ा से आए समस्त राजाओं-महाराजाओं के समक्ष रामराज्य के अद्वितीय आद र्ों को ही अपने ाेष जीवन का एकमात्र उद्दे य घोषित किया। 'मेरा कुछ भी नहीं, जो कुछ भी है वह जनता जनार्दन का है।' मैं तो रक्षा एवं सम्वर्धन के लिए नियुक्त एक चौकीदार हूँ।' राज्याभिषेक के समय उनके मुखमंडल पर ले ामात्र भी अभिमान का कोई चिह्न न था। श्रीराम ने कभी स्वयं को एकमात्र नेता के रूप में

महिमा-मंडित नहीं किया। यही उनका आद र्ा नेतत्व था।

प्रजा समर्पित रामराज्य

मनीषी साहित्यकार श्री जैनेन्द्र कुमार ने अपने एक लेख 'राजाराम' में श्रीराम की राजनीतिक मर्यादा का बड़ा सुन्दर विवेचन किया है। 'मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की आद र्ा पुरुषोत्तमता परिवार की सीमा तक ही नहीं रहती। यह सार्वजनिक और राजनीतिक मर्यादा के उत्कर्ष को भी अंकित करती है। यही कारण था कि भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के नायक महात्मा गाँध ाी ने भी स्वराज्य की परिभाषा देने के लिए 'रामराज्य' को ही आधार बनाया।' अतः दे ा में व्याप्त जातिवाद, भाषावाद और क्षेत्रवाद को मिटाकर सभी भारतवासियों को यदि किसी एक सूत्र में बाँधा जा सकता है तो वह है श्रीराम का आद र्ा जीवन चरित्र। संसदीय प्रजातन्त्र एवं दूसरे प्रकार की राज्य व्यवस्थाओं को दे ा और समाज के हित में संचालित करने के लिए भी श्रीराम द्वारा स्थापित मर्यादाओं का अनुसरण करना होगा। श्रीराम के लिए राज्य सत्ता व्यक्तिगत तथा पारिवारिक भोग का साधन न होकर समाज सेवा का साधन था, न कि अथाह धन बटोरने का अवसर। रामराज्य की अवधारणा के अन्तर्गत राजपद (वर्तमान भाषा में मन्त्रालय) प्रजा की ओर से राजा को सौंपी गई थाती है। इसलिए इस पद का उपयोग समाज के लाभ के लिए होना चाहिए न कि घपलों और घोटालों के माध्यम से अपनी तिजोरियाँ भरने के लिए।

सत्तालोलुपताविहीन राज्य व्यवस्था

भारत के राष्ट्रजीवन पर मंडराने वाले संकटों में सबसे बड़ा संकट उसी राजनीति का है जो ाासक को उत्तरदायित्व और कर्त्तव्यनिष्ठा की भावना से दूर हटाकर मात्र अधिकारों के साथ जोड़ती है। बहुमत आधारित लोकतन्त्र की सबसे बड़ी त्रासदी यही है कि निर्वाचित नेता जनता का प्रतिनिधि न बनकर स्वामी बन बैठता है। सभी प्रकार के अधिकारों का स्वामी ाासक और कर्त्तव्यों के पालन का काम जनता का। वर्तमान लोकतन्त्र की इससे बड़ी विडम्बना और क्या होगी कि पूरी

सरकार अथवा सरकार का मुखिया भ्रष्ट मन्त्रियों को बचाने का प्रयास करता है। **रामराज्य एक आद र्ा लोकतन्त्र है।**

श्रीराम द्वारा प्रदत्त राजनीतिक मर्यादा में सत्ता के दुरुपयोग की कहीं कोई सम्भावना नहीं है। ाासक के अधिकारों और कर्तव्यों की परिभाषा को रामराज्य में स्थापित की गई ाासकीय मर्यादाओं के प्रका ा में समझा जा सकता है। रामराज्य की राजनीतिक व्यवस्था में संघर्ष, स्वार्थ, अहंकार और सत्तालोलुपता के लिए कोई स्थान नहीं। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और सीता के व्यवहार में सहयोग, सहजीवन, सहचिन्तन और सर्वोदय जैसे मानवीय मूल्यों का ही वर्चस्व है। श्रीराम ने रामराज्य की व्यवस्था के सभी आद र्ों को अपने व्यवहार में उतारकर वि व के समक्ष रखा और आद र्ा राजा के नाते ाासन के सूत्र सँभाले।

भारतीयता की स ाक्त अभिव्यक्ति

कि ाोरावस्था में ही महर्षि वि वामित्र के साथ जंगलों में जाकर भारत के मानबिन्दुओं को देखना, समझना और उनकी रक्षा करते हुए भारत की ऋषि परम्परा के आगे नतमस्तक होना उनके जीवन की ाुरुआत थी। यहीं पर उन्होंने भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक अखण्डता को राक्षसी ाक्तियों से पूर्णतया सुरक्षित करने का महाव्रत लिया था। फिर अपनी सूर्यवं ाी क्षत्रिय परम्परा का परिचय सारे संसार के राजाओं के समक्ष देकर सीता का वरण किया। भारत के धर्मगुरु सन्तों को योजनानुसार पिता के संकल्प की पूर्ति के लिए सत्तासुख को भी त्याग दिया।

श्रीराम ने वनों में जाकर वनवासियों एवं पिछड़ी जातियों को संगठित करके उनका उद्धार करते हुए उनको क्षत्रिय के रूप में सैनिक बाना पहनाकर राष्ट्ररक्षा हेतु तैयार किया। पिछड़ी जाति के निषाद राज को गले लगाकर भाई कहा। पक्षीराज जटायू का स्वयं अपने हाथों से अंतिम संस्कार करके उसे पिता का सम्मान दिया। भील जाति की एक वद्धा ाबरी के चरण छूकर उसे माता कौ ाल्या कहकर पुकारा। इसी प्रकार पतिता

कहलाई अहिल्या को पापमुक्त करके समाज में प्रतिष्ठा दिलाई। इस तरह भारतीय राष्ट्र जीवन के सभी मापदण्डों और सिद्धान्तों की अभिव्यक्ति श्रीराम और उनके रामराज्य ने की।

पिछड़े वर्गों का उद्धार

आज अपने दे ा के कई राजनीतिक दल और नेता कथित दलित वर्ग के नाम पर अपनी सत्ता केन्द्रित राजनीति चला रहे हैं। इनके थोक वोट प्राप्त करने के लिए कई पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिया और इन पिछड़े लोगों के मन में ऊँचे वर्गों के प्रति घोर नफ़रत भर दी। हिन्दुत्व की वि ाल राष्ट्रीय ध ारा से तोड़कर वोट बैंक पक्का करने वाले कथित समाज सुध ारकों और सत्ता के लोभी राजनीतिज्ञों को यह बात समझ में आनी चाहिए कि इन कमज़ोर वर्गों का उद्धार इन्हें श्रीराम की राष्ट्रीय धारा से तोड़कर नहीं, जोड़कर ही किया जा सकता है। श्रीराम का समस्त जीवन कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु समर्पित था। पिछड़े बन्धुओं का उत्थान ही श्रीराम की विस्तत कर्मभूमि थी। यही वर्ग श्रीराम की समस्त लीलाओं का आधार रहे हैं। इन पिछड़ी जातियों, गरीबों, वनवासियों और गिरिवासियों के बिना रामराज्य की समग्रता और पहचान अधूरी है। यदि श्रीराम हमारे राष्ट्रजीवन की चेतना हैं तो यह राष्ट्र जीवन भी इस वर्ग के बन्धुओं के बिना अधूरा है। श्रीराम के जीवनाद र्ा समाज के सभी वर्गों में समरसता भरने का प्रयास करते हैं। आज वनवासी क्षेत्रों में विदे ाों से आए ईसाई पादरी सेवा के बहाने मतान्तरण कर रहे हैं। नागालैण्ड, मिजोरम, मध्यप्रदे ा व झारखंड आदि की समस्याएँ इसी का सीधा दुष्परिणाम हैं। इसका समाधान श्रीराम ने बताया है। उन्होंने चौदह वर्ष तक इन्हीं लोगों में रहकर अपनत्व का नाता जोड़ा।

श्रीराम का घोषित उद्दे य

आज अपने दे ा में पाकिस्तान की योजनानुसार हिंसक नक्सलवाद और जिहादी आतंकवाद जैसी आसुरी ाक्तियाँ सिर उठा रही हैं। वोट की राजनीति ने सत्तापक्ष को इतना स्वार्थी

और कमजोर बना दिया है कि इस प्रकार की आततायी ाक्तियों को सख्ती से समाप्त करने का साहस किसी में नज़र नहीं आता। श्रीराम के आने से पहले वहत्तर भारत के हृदयस्थल अयोध्या के आसपास के दुर्गम पहाड़ी वनक्षेत्रों में ध र्मविरोधी राक्षसी ाक्तियों का बोलबाला था। राजा, रंक, संत, स्त्रियाँ, देवस्थल, आश्रम इत्यादि कुछ भी सुरक्षित नहीं थे। राज्य को इस प्रकार की अ ाान्त एवं दुखित परिस्थितियों से निकालकर आद र्ा राज्य की स्थापना का बीड़ा श्रीराम ने उठाया। प्रजा के सुख के लिए सुचारु राज्य व्यवस्था की स्थापना का अपना निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए श्रीराम ने सत्ता, राजमहल और अपने प्रिय निकटतम सम्बन्धियों का भी सहर्ष त्याग किया। आज तो अपने दे ा के नेता सत्तासुख, पारिवारिकसुख और सम्पत्तिसुख के लिए प्रजासुख को ठुकराकर बड़े-बड़े घपलों, घोटालों में व्यस्त हैं। ऐसी घोर विकट स्थिति में ाान्तिपूर्ण राज्य व्यवस्था की कल्पना भी नहीं की जा सकती और न ही आतंकियों और नक्सलियों जैसी विदे ा प्रेरित आसुरी ताकतों का विना ा संभव है।

लोकहित और लोकमर्यादा

श्रीराम ने अपने आत्मसंयमी जीवन और अजेय सैनिक ौर्य द्वारा लंका से उठी अधर्म की आक्रामक लहरों को भी रोका। लंका विजय के प चात् वहाँ स्वयं राज नहीं किया, बल्कि राज्य विभीषण को सौंप दिया। अयोध्या के सिंहासन पर बैठते समय राष्ट्रीय संस्कृति और धर्म का अंकु ा स्वीकार किया। लोकहित और लोकमर्यादा पर आधारित राजसत्ता को समाजसेवा और दे ारक्षा का साधन बनाकर रामराज्य की सर्वोत्तम आद र्ा राज्य व्यवस्था का सूत्रपात किया।

श्रीराम की पुरुषोत्तमता

आज भी वि व के अनेक दे ाों में श्रीराम और रामराज्य का जो प्रभाव दिखाई दे रहा है वह भारत राष्ट्र की मर्यादा की पुरुषोत्तमता ही है हमारे राष्ट्र की रामराज्य की कल्पना के विविध आयाम सष्टि के सम्पूर्ण जीवन को मर्यादित करते रहे

हैं। यह आद र्ा और जीवन मूल्य राजा राम के पूर्व भी विद्यमान थे, सष्टि के आदि में भी थे और अन्त तक रहेंगे। भारत के अवतारी पुरुषों, महर्षियों और आध्यात्मिक राष्ट्र नेताओं ने समय-समय पर इसकी व्याख्या की, इनको समयोचित बल प्रदान किया और सामाजिक जीवन में समाहित कर दिया। श्रीराम अपने इस राष्ट्रीय और मानवीय कर्त्तव्य की पूर्ति करने के प चात् अन्त में स्वयं अपने हाथों से श्रेष्ठ नेतत्व प्रदान कर राज्य व्यवस्था सौंपकर सत्ता से हट गए।

रामराज्य की उत्कृष्ट व्यवस्था और श्रीराम का संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय जीवन के पर्याय हैं। उनके आद र्ों के द्वारा समस्त वि व ने भारत के अतीत को जाना है। महर्षि दयानन्द, स्वामी विवेकानन्द, ंकराचार्य और अरविन्द घोष ने अपनी दिव्य दष्टि से 21वीं सदी में भारतमाता के जिस ज्योतिर्मय स्वरूप को वि वगुरु के सिंहासन पर ोभायमान देखा, उसका आधार रामराज्य है।

विचार वीथि

1. अहंकारी मनुष्य में कृतज्ञता बहुत कम होती है, क्योंकि वह यही समझता है कि मैं जितना पाने योग्य हूँ, उतना कभी मुझे प्राप्त नहीं होता। वह और पाने की आ ा में कई बार अतिरेक में फँसता जाता है। ***-एच. डब्ल्यू बीचर***

2. मुनष्य मात्र में बुद्धिगत ऐसा कोई दोष नहीं है जिसका प्रतिकार उचित अभ्यास के द्वारा न हो सकता हो। ारीरिक व्याधि दूर करने के लिए जैसे अनेक प्रकार के व्यायाम हैं वैसे ही मानसिक रुकावटों को दूर करने के लिए अनेक प्रकार के अध्ययन हैं। ***-बेकन***

3. अहंकार चुम्बक की भाँति सदा एक ही वस्तु का निर्दे ा करता है- स्व का, परंतु चुम्बक की भाँति वह अपनी ओर आकृष्ट नहीं करता, बल्कि अपने से दूर हटा देता है।

-कोल्टन

डॉ. अम्बेडकर की दष्टि में इस्लाम

–प्रो. बलराज मधोक (पूर्व सांसद)

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्वतंत्र भारत के पहले विधि–मंत्री, महान चिन्तक, लेखक और राष्ट्रीय नेता थे। उन्होंने इस्लाम और उसके इतिहास का गहन अध्ययन किया था। उनकी विख्यात पुस्तक "थॉट्स ऑन पाकिस्तान" में इस्लाम के सम्बन्ध में दिये गए विचार प्रामाणिक और विचारणीय हैं। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के सम्बन्ध में डॉ. अम्बेडकर ने कुछ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेताओं के विचारों को उद्धत किया है।

श्रीमती ऐनी बेसेन्ट – "खिलाफत के जेहाद की वजह से भारत को जो तमाम नुक़सान हुए हैं, उनमें से एक यह भी है कि काफिरों के खिलाफ घणा की आन्तरिक भावना पहले की तरह फिर मुसलमानों में भर गयी है और वह उसी बे ार्म और नंगे रूप में हमारे सामने हैं। हमने तलवार के पुराने धर्म–इस्लाम को व्यावहारिक राजनीति के पथ–प्रद र्क के रूप में फिर से जिन्दा होते हुए देखा है। हमने उन्हें यह दावा करते हुए देखा है कि अरब के द्वीप–जजीरत अरब की पवित्र भूमि पर किसी गैर–मुसलमान के गंदे पैर नहीं पड़ने चाहिए। हमने मुसलमान नेताओं को यह घोषित करते हुए सुना है कि यदि अफगान लोग भारत पर हमला करते हैं तो वे लोग अपने मुसलमान भाइयों के साथ हो जायेंगे और दु मनों के खिलाफ अपनी मातभूमि की रक्षा करने वाले हिन्दुओं को मार डालेंगे। हम यह देखने को विव ा हो गये हैं कि मुसलमानों की प्राथमिक निष्ठा अपनी मातभूमि में नहीं, बल्कि इस्लामी दे ाों में हैं। जब भारत की स्वतंत्रता को तात्कालिक खतरा होगा, क्योंकि अज्ञानी जनता उनके पीछे चलेगी, जो लोग पैगम्बर के नाम पर उनका आह्वान करेंगे।"

लाला लाजपतराय – "मैंने पिछले छह महीनों के दौरान अपना अधिकां ा समय मुस्लिम इतिहास और मुस्लिम कानून के अध ययन में लगाया है। मैं यह सोचने लगा हूँ कि हिन्दू–मुस्लिम एकता न तो संभव है और न ही व्यावहारिक है। मैं मुसलमान नेताओं पर वि वास करने के लिए तैयार हूँ किन्तु कुरान और

हदीस के आदे ाों के बारे में क्या होगा? नेता लोग उनकी अवज्ञा नहीं कर सकते।"

रवीन्द्रनाथ टैगोर – "हिन्दू–मुस्लिम एकता को लगभग असम्भव बनाने वाली एक महत्त्वपूर्ण वजह यह है कि मुसलमान अपनी दे ाभक्ति को एक दे ा तक सीमित नहीं रख सकते। मोहम्मद अली जैसे व्यक्तियों ने भी यह घोषित किया है कि किसी भी हालत में किसी भी दे ा के किसी दूसरे मुसलमान के खिलाफ खड़े होने की अनुमति नहीं है।"

उपरोक्त उद्धरणों के बाद डॉ. अम्बेडकर अपनी टिप्पणी देते हैं– "तमाम मान्यताओं के बीच इस्लाम की जिस मान्यता पर ध्यान दिया जाना चाहिए, वह यह है : जिस दे ा में मुस्लिम कानून लागू नहीं है, वहाँ जब भी मुस्लिम कानून और राज्य के कानून में संघर्ष हो, तो मुस्लिम कानून को ही लागू होना चाहिए और मुसलमानों को चाहिए कि वे मुस्लिम कानून को मानें और राज्य के कानून को तोड़ें।"

इस्लामी कानून के अनुसार संसार दो खेमों में बँटा है : दार–उल–इस्लाम (इस्लाम की जगह) और दार–उल–हरब (युद्ध की जगह) दार–उल–इस्लाम वे दे ा हैं, जहाँ मुसलमानों का ाासन होता है। जिन दे ाों में मुसलमान रहते तो हैं, लेकिन ाासन नहीं करते हैं, वे दे ा दार–उल–हरब कहलाते हैं। इस्लामी कानून की इस व्यवस्था की वजह से भारत हिन्दुओं और मुसलमानों–दोनों की साझी मातभूमि नहीं हो सकती है। वह मुसलमानों की भूमि तभी हो सकती है, जबकि उस पर मुस्लिमों का ाासन हो। जिस क्षण कोई भूमि किसी गैर–मुस्लिम ाक्ति के अधीन हो जाती है, वह मुस्लिमों की भूमि नहीं रह जाती है।

हमें यह नहीं मानना चाहिए कि यह बात केवल अकादमिक अहमियत की है, क्योंकि यह एक ऐसी सक्रिय ाक्ति बनने में समर्थ है, जिसमें मुसलमानों का आचरण प्रभावित हो सकता है। इस बात ने अंग्रेजों द्वारा भारत पर अधिकार करने के समय मुसलमानों के आचरण को अत्यधिक प्रभावित किया था। मुसलमानों ने तुरन्त यह सवाल उठाया कि क्या भारत

अब मुसलमानों के रहने के लायक रह गया है? कुछ अधि ाक उत्साही तत्वों ने सैयद अहमद के नेतत्व में वाकई जेहाद की घोषणा कर दी थी।

दार-उल-हरब में रहने वाले मुसलमानों के पास पलायन के लिए हिजरत केवल अकेला रास्ता नहीं हैं, इस्लामी कानून में जेहाद नाम से एक अन्य आदे ा की मौजूद है। जिस प्रकार से भारत के मुसलमानों के हिजरत करने के उदाहरण मौजूद हैं, उसी प्रकार उनके द्वारा बेहिचक जेहाद घोषित करने की मिसालें भी मौजूद हैं। इसकी एक मिसाल 1919 में भारत पर अफगानिस्तानी आक्रमण की योजना से मिलती है। यदि भारत ाुद्ध रूप से मुस्लिम ाासन के अधीन नहीं है, तो वह दार-उल-हरब है और इस्लाम की मान्यताओं के अनुसार मुसलमान वाजिब तरीके से जेहाद का ऐलान कर सकते हैं। वे न केवल जेहाद का ऐलान कर सकते हैं, बल्कि वे जेहाद की सफलता के लिए विदे ाी मुस्लिम ाक्तियों की सहायता भी माँग सकते हैं, या अगर कोई मुस्लिम ाक्ति जेहाद का ऐलान करना चाहती है तो उसके प्रयास को सफल बनाने के लिए सहयोग कर सकते हैं।

यह सर्व-इस्लामवाद का आधार है इसी की वजह से भारत का हरेक मुसलमान यह कहने के लिए प्रेरित होता है कि वह मुसलमान पहले है और भारतीय बाद में।

यथार्थवादी व्यक्ति को यह सच्चाई समझ लेनी चाहिए कि मुसलमान हिन्दुओं को काफिर समझते हैं, जो बचाये जाने से कहीं ज्यादा मार डाले जाने लायक हैं।

केवल कोई हिम्मती हिन्दू ही यह कह सकता है कि मुसलमान दे ाों के किसी हमले के वक्त हिन्दुस्तानी सेना के मुसलमान वफादार रहेंगे और यह ख़तरा नहीं रहेगा कि वे मुसलमान सैनिक हमलावरों से मिल जायेंगे। लेकिन इसका अधिक महत्त्व नहीं है कि उन्मादी मुसलमानों द्वारा मारे गये प्रख्यात हिन्दुओं की संख्या कम है या ज्यादा। प्रतिष्ठित मुसलमानों ने इन अपराधियों की कभी निन्दा नहीं की। इसके विपरीत इन अपराधि ायों की तारीफ धार्मिक ाहीद की तरह की गयी।

मैं यह अच्छी तरह नहीं बता पाऊँगा कि हिन्दू–मुस्लिम एकता की हर उम्मीद निरर्थक है। मुस्लिम महिला दुनिया की सबसे असहाय प्राणी है। जब तक दासता मौजूद थी, इस्लाम और इस्लामी दे ाों ने उसका सबसे ज्यादा समर्थन किया था। यह अच्छी तरह दिखता है कि मुसलमानों में न केवल जाति मौजूद है, बल्कि छुआछूत भी मौजूद है।

दरअसल मुसलमानों में हिन्दुओं की सभी सामाजिक बुराइयाँ तो हैं ही, इसके साथ कुछ और भी बुराइयाँ हैं। मुसलमानों की एक अतिरिक्त बुराई है–मुस्लिम स्त्रियों के पर्दे की अनिवार्यता। बुर्का पहनी हुई इन औरतों को सड़क पर चलते हुए देखना भारत में सबसे भयानक चीजों में से एक हैं। पर्दे ने मुस्लिम पुरुषों के चरित्र पर बुरा प्रभाव छोड़ा है। जो सामाजिक व्यवस्था स्त्री–पुरुष के बीच के सभी सामाजिक सम्पर्क समाप्त करती है, उसमें वासना की अधिकता और अन्य अप्राकृतिक तथा विकृत तरीकों को बढ़ावा मिलता है।

हिन्दुओं का यह कहना सही है कि हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच सामाजिक सम्बन्ध स्थापित नहीं हो सकता। मुस्लिम राजनीति अनिवार्यतः मज़हबी है और वह केवल हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच के फर्क को ही मानती है। मुसलमानों की राजनीति में जीवन के धर्मनिरपेक्ष वर्गों को कोई जगह नहीं है। मुसलमानों के बीच इन बुराइयों की मौजूदगी से काफी कष्ट होता है। लेकिन इससे भी कहीं अधिक कष्ट इस बात से होता है कि भारत के मुसलमानों के बीच ऐसा कोई संगठित आन्दोलन नहीं है, जो उन्हें समाप्त कर सकने में सक्षम हो। दरअसल इस्लाम की एक बड़ी खासियत यह है कि उसने जिन नस्लों को गुलाम बनाया है, उनको इस्लाम ने बर्बरता से जकड़ लिया है। रेना ने लिखा है– "दरअसल विज्ञान से घणा ही मुसलमानों की अनिवार्य वि ोषता है।" आक्रमण भावना मुसलमानों की एक खास बात है। आक्रमण की भावना के प्रद र्ान में मुसलमान हिन्दुओं से बहुत आगे हैं।

मुसलमानों के राजनैतिक आक्रमण ने एक ऐसी बीमारी पैदा की है, जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है। मुसलमान

हिटलर की भाषा बोल रहे हैं।

मुसलमानों में ध्यान देने वाली दूसरी चीज हिन्दुओं की कमजोरी का ाोषण करने की उनकी प्रवत्ति है।

मुसलमानों ने राजनीति में सामूहिक गुंडागर्दी का तरीका अपना लिया है। दंगों से इस बात का पर्याप्त संकेत मिलता है कि गुंडागर्दी राजनीति में उनकी रणनीति का स्थायी हिस्सा बन गयी है।

काँग्रेस इस बात को समझने में असफल रही है कि मुस्लिम तुष्टीकरण और समाधान में फर्क है। तुष्टीकरण का मतलब यह है कि जिन लोगों ने निर्दोष लोगों की हत्या, बलात्कार, लूट और आगजनी की है, उनके कुकृत्यों में सहयोग करके उनको खरीद लिया है।

काँग्रेस इस बात को समझने में असफल रही है कि मुसलमानों को सहूलियतों देते जाने की उसकी नीति ने मुसलमानों की आक्रामकता को बढ़ाया है और उससे भी बुरी बात यह है उन सहूलियतों से मुसलमानों को यह लगा है कि हिन्दू पराजयवादी हैं और हिन्दुओं में बदला लेने की प्रवत्ति नहीं है।

इस्लामी कानून की इस व्यवस्था की वजह से भारत हिन्दुओं और मुसलमानों दोनों की साझी मातभूमि नहीं हो सकती है। मुसलमानों के लिए हिन्दू काफिर हैं। काफिर सम्मान के लायक नहीं है। काफिर नीच जन्म वाला है।

यह हिन्दुओं को तय करना है कि वे अतीत की हिन्दू-मुस्लिम एकता की अपनी सभी कोि ाों के दुखद अन्त के बावजूद इस मिथ्या प्रयास में अपने को लगाये रखेंगे या एकता की कोि ा को छोड़ देंगे।

चूँकि हमलों में मंदिरों का विध्वंस और जबरिया धर्म-परिवर्तन किया गया, सम्पत्ति लूटी गयी, उन्हें गुलाम बनाया गया, इसलिए अगर उन हमलों की यादें हमे ाा ताज़ी रहें, तो इससे अचरज की क्या बात है?

जे-394, ांकर रोड, न्यू राजेन्द्र नगर,
नई दिल्ली-60

मुनिवर गुरुदत्त

–डॉ. सारस्वत मोहन 'मनीषी'

अल्प आयु में सत्य ाोध की इच्छा और लगन का।
मुनिवर गुरुदत्त नाम असल में है निर्धन के धन का।।
किसे पता अभिमन्यु बना यह व्यक्ति–व्यूह भेदेगा।
तर्क–तीर से रोग– ाोक की छाती को छेदेगा।
ज्ञानवद्ध बन सुलझायेगा छोर हर इक उलझन का।
मुनिवर गुरुदत्त नाम असल में है निर्धन के धन का।।
अन्तिम द य देख गुरुवर का प्रभु–वि वासी होकर।
जुटा प्राणपण से स्वधर्म में विष–अभ्यासी होकर।
घावों पर मरहम लग जाये ऐसी ाुभ चितवन का।
मुनिवर गुरुदत्त नाम असल में है निर्धन के धन का।।
कीर्तिमान जो किया स्थापित कोई तोड़ न पाया।
तुमने टूटे दिल जोड़े जो कोई जोड़ न पाया।
मरुथल में ाीतलता देने वाले इक उपवन का।
मुनिवर गुरुदत्त नाम असल में है निर्धन के धन का।।
साँसें अगर अधिक मिलतीं तो वि व देख यह पाता।
गुरु के पगचिह्नों से ि ाष्यों का होता क्या नाता।
सुविधा की समिधा से रूठा ऐसे दिव्य हवन का।
मुनिवर गुरुदत्त नाम असल में है निर्धन के धन का।।
अपनी मौलिक प्रतिभा की हर छाप अलग होती है।
धरती अंबर में वह ाुभ के बीज सदा बोती है।
कलियुग के आँगन में सतयुग के संगीत सपन का।
मुनिवर गुरुदत्त नाम असल में है निर्धन के धन का।।

स्वस्थ रहें या रोगीः फैसला आपका

-डॉ. चंचलमल चोरडिया

स्वास्थ्य हेतु सम्यक् चिन्तन आव यक-

हमारा ारीर हमारे लिए दुनिया की सर्वश्रेष्ठ निधि है। अमूल्य अंगों, उपांगों, इन्द्रियों, मन, मस्तिष्क और विभिन्न अवयवों द्वारा निर्मित मानव जीवन का संचालन और नियन्त्रण कौन करता है? यह आज भी वैज्ञानिकों के लिए ाोध का विषय है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान के विकास एवं लम्बे-चौड़े दावों के बावजूद ारीर के लिए आव यक रक्त, वीर्य, मज्जा, अस्थि जैसे अवयवों का उत्पादन तथा अन्य अंगों, इंन्द्रियों का निर्माण आज तक सम्भव नहीं हो सका। मानव ारीर में प्रायः संसार में उपलब्ध अधिकां ा यंत्रों से मिलती-जुलती प्रक्रियाएँ होती हैं। मानव मस्तिष्क जैसा सुपर कम्प्यूटर, आँखों जैसा कैमरा, हृदय जैसा अनवरत चलने वाला पम्प, कान जैसी श्रवण व्यवस्था, आमा ाय जैसा रासायनिक कारखाना आदि एक साथ अन्यत्र मिलना दुर्लभ है। उससे भी आ चर्यजनक बात तो यह है कि सारे अंग, उपांग, मन और इन्द्रियों के बीच आपसी तालमेल है। यदि कोई तीक्ष्ण पिन, सुई और काँच आदि ारीर के किसी भाग में चुभ जाएँ तो सारे ारीर में कँपकँपी हो जाती है आँखों से आँसू और मुँह से चीख निकलने लगती है। ारीर की सारी इन्द्रियाँ एवं मन क्षण भर के लिए अपना कार्य रोक कर ारीर के उस स्थान पर केन्द्रित हो जाते हैं। उस समय न तो मध ुर संगीत अच्छा लगता है और न ही मन-भावन द य। न हँसी-मजाक में मजा आता है और न खाना-पीना ही अच्छा लगता है। मन जो दुनिया-भर में भटकता रहता है, उस स्थान पर अपना ध्यान केन्द्रित कर देता है। हमारा सारा प्रयास सबसे पहले उस चुभन को दूर करने में लग जाता है। जैसे ही चुभन दूर होती है, हम राहत का अनुभव करते हैं। **जिस ारीर में इतना आपसी सहयोग, समन्वय, समर्पण, अनु ाासन और तालमेल हो अर्थात् ारीर के किसी एक भाग में दर्द, पीड़ा और कष्ट होने की स्थिति में सारा ारीर प्रभावित हो तो क्या ऐसे स्वचालित,**

स्वनियन्त्रित, स्वानु ाासित ारीर में असाध्य एवं संक्रामक रोग पैदा हो सकते हैं? चिन्तन का प्र न है।

